पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने राष्ट्रपति का राजभवन में स्वागत किया

लखनऊ : 28 जून, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में देश के माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द जी तथा देश की प्रथम महिला श्रीमती सविता कोविन्द का अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता सहित राजभवन के समस्त अधिकारीगण उपस्थित थे।

माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द ने राजभवन में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन(253/40)